हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, गुरुवार, जून 13, 2024

11 पुलिस ने आमजन को नशे के दुष्प्रभाव ...



12 नीट परीक्षा परिणाम में धांधली की आशंका ...



**खबर संक्षेप**

### कंपनी के नाम पर नकली पाइप बेचता दुकानदार पकड़ा

**बहादुरगढ़।** सिटी पुलिस ने बालौर रोड स्थित एक हार्डवेयर की दुकान पर सुप्रीम कंपनी के नकली सीपीवीसी पाइप बेचता हुआ एक दुकानदार पकड़ा है। सुप्रीम कंपनी ने दुकान से 493 नकली पाइप बरामद किए हैं। सुप्रीम कंपनी के अधिकारी दीवान सिंह और लीगल मैनेजर प्रशांत कुमार को सूचना मिली थी कि बहादुरगढ़ में दुकानों पर उनकी कंपनी के नाम से नकली पाइप बेचे जा रहे हैं। सूचना पर बहादुरगढ़ की कई दुकानों पर जांच की गई। बालौर रोड पर एक हार्डवेयर की दुकान पर जांच की तो पता चला कि दुकानदार सुप्रीम कंपनी के नाम पर नकली सीपीवीसी पाइप बेच रहा है। छानबीन की तो दुकानदार के पास से 493 पाइप नकली मिले।

### आईटीआई में लगे मेले में पहुंचे 30 छात्र

**बहादुरगढ़।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बहादुरगढ़ में बुधवार को आयोजित रोजगार मेले में 30 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। मेले में योकोहामा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मैडिप्लस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, एआर कॉर्क इंडस्ट्रीज और इस्ट वेस्ट ओटोमेशन आदि कम्पनियों ने हिस्सा लिया। सभी कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने मौके पर ही इंटरव्यू लेकर रोजगार-अप्रैंटिस के लिए युवाओं का चयन किया गया। प्रिंसिपल गीता आर सिंह ने बताया कि आईटीआई से पास आउट प्रशिक्षुओं को रोजगार-अप्रैंटिस के अवसर दिलाने के लिए यह मेला लगाया गया था। इसमें 30 से अधिक अभियर्थियों ने हिस्सा लिया।

### एमआईई में फैक्ट्री से काफी सामान चोरी

**बहादुरगढ़।** आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र में स्थित एक फैक्ट्री में चोरी हो गई। अज्ञात चोर काफी सामान पर हाथ साफ कर गए। दिल्ली के निवासी दीपक ने एमआईई में अपने बेटे के नाम से कंपनी खोल रखी है। गत पांच जून की रात को कंपनी बंद की गई थी। उसी रात चोरों ने वारदात कर डाली। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# हैप्पी कार्ड लेने के लिए रोजाना बस स्टैंड परिसर में लग रही लाभार्थियों को भीड़

## योजना के अनुसार 15 हजार 516 कार्ड हो चुके स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

स्थानीय बस स्टैंड परिसर में हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को हैप्पी कार्ड वितरित किए जा रहे हैं। पिछले तीन दिनों से चलाए जा रहे हैप्पी कार्ड वितरण कार्य के चलते आजकल बस स्टैंड परिसर में लोगों की खास चहल-पहल दिखाई देती है। योजना के पात्र व्यक्ति अलसुबह आकर टोकन लेते हैं। जिसके बाद नंबर आने पर उन्हें कर्मचारियों द्वारा हैप्पी कार्ड प्रदान किया जाता है। हरियाणा कर्मचारी महासंघ के प्रभारी विक्रम ने बताया कि योजना के अंतर्गत 15 हजार 516 कार्ड स्वीकृत हो चुके हैं जिनका वितरण कार्य जारी है। बुधवार को कुल 369 कार्ड प्रदान किए गए। कार्य को सुचारू रूप से करने के लिए तीन सैट लगाए गए हैं जिन पर कर्मचारी कार्यरत है। हेल्पडेस्क भी लगाया गया है जिस पर तैनात कर्मचारियों द्वारा हैप्पी कार्ड व दस्तावेजों संबंधी जानकारी दी जाती है। कार्ड तलाशने में आ रही परेशानी को दूर करने के लिए आईटीआई संस्थान के विद्यार्थियों की सहायता भी ली जा रही है। उन्होंने बताया कि एक कार्ड ऑनलाइन अपलोड करके उपभोक्ता को देने में करीब पांच से सात मिनट का समय लगता है। तकनीकी खराबी आने या साइट न चलने की स्थिति में समय अवधि बढ़ भी जाती है। इस कार्य में सात से आठ कर्मियों की टीम लगी है।

- घंटों इंतजार के बाद आता है नंबर, लोगों की सुविधा के लिए बनाया गया हेल्प डेस्क





झज्जर। बस स्टैंड परिसर में हैप्पी कार्ड बनवाती हुई युवतियां व हैप्पी कार्ड के लिए अपनी बारी के इंतजार में बैठे लाभार्थी। फोटो : हरिभूमि

### क्या है हैप्पी कार्ड योजना

बता दें कि बीती सात जून को बस स्टैंड परिसर में आयोजित कार्यक्रम में डीसी कैप्टन शक्ति सिंह द्वारा मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए लाभार्थियों को कार्ड बांटे थे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा था कि हरियाणा रोडवेज एक प्रकार से प्रदेश के लोगों की लाइफ लाइन है। प्रदेश की आबादी का एक बड़ा वर्ग रोडवेज में सफर करता है।

रोडवेज के महत्व को देखते हुए सरकार द्वारा योजना के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए निःशुल्क यात्रा योजना की शुरूआत की है। योजना के अंतर्गत अंत्योदय परिवारों के प्रत्येक सदस्य को एक वर्ष में एक हजार किमी तक की निःशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान की जाती है।

इस कार्ड द्वारा फ्री यात्रा का फायदा उठाते हुए जहां बुजुर्ग व्यक्ति तीर्थ यात्रा का सपना पूरा कर सकते हैं गांव से रोजाना शहर आने वाले लोगों को भी आवागमन में लाभ मिलेगा।

### पात्र व्यक्ति को भी इस प्रकार करना होगा आवेदन

योजना के अंतर्गत ऐसे लाभार्थी जिनकी आय एक लाख रुपये या इससे कम है, उनके हैप्पी कार्ड बनाए जा रहे हैं। इस योजना का लाभ लेने के लिए पात्र नागरिक को पचास रुपए देकर हैप्पी कार्ड बनवाने के लिए आवेदन करना होता है। हैप्पी कार्ड के बनने के बाद कार्ड का उपयोग ई-टिकटिंग मशीन द्वारा स्कैन कर धारकों को शून्य रुपए की एक टिकट दी जाएगी। कार्ड को स्कैन करने के बाद कार्ड से ऑटोमेटिक किलोमीटर को फीड किया जाएगा, जिससे कार्डधारकों को शेष किलोमीटर का भी पता चलता रहेगा।

# कॉलेजों में एडमिशन के लिए सजगता से चुनें विषय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

कॉलेजों में एडमिशन के लिए अब चहल-पहल बढ़ने लगी है। ऑनलाइन आवेदन के लिए सुबह से ही कॉलेजों में बच्चों का तांता लगना शुरू हो जाता है। बहादुरगढ़, बादली, छारा व जसौरखेड़ी के विभिन्न कॉलेजों में एडमिशन के लिए विद्यार्थी जानकारी प्राप्त करने पहुंच रहे हैं और मनपंसद कोर्स कंबीनेशन के साथ ऑनलाइन आवेदन कर रहे हैं। कॉलेजों में लगे हेल्प डेस्क का भी वे लाभ उठा रहे हैं।

अक्सर देखा जाता है कि विद्यार्थी दोस्तों व किसी अन्य संबंधी के कहने में आकर कक्षा 12वीं के बाद ऐसे कोर्स को चयन कर लेते हैं। जिनकी उन्हें ना तो जानकारी होती है और ना ही स्कूलिंग के दौरान उनका उस कोर्स या विषय पर बेस बना होता है। इससे उन्हें पढ़ाई में तो दिक्कत होती ही है। साथ ही उस फील्ड में भविष्य सुनिश्चित करने में भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. राजवंती शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के अनुसार ही कोर्स का चयन करना चाहिए। जिस फील्ड में उन्हें जाना है, उसी से संबंधित कोर्स का चयन कर अपने भविष्य को उज्जवल बनाया जा सकता है।



बहादुरगढ़। डॉ. राजवंती शर्मा।

- ऑनलाइन आवेदन के लिए सुबह से ही कॉलेजों में बच्चों का तांता लगना शुरू हो जाता

उन्होंने कहा कि साइंस संकाय से अच्छे अंक में 12वीं पास करने वाले विद्यार्थियों के लिए बीएससी और कामर्स वालों के लिए बीकॉम अच्छा विकल्प है। बीकॉम के बाद सीए, सीएस व एमकॉम करने के विकल्प मिलता है।

इसके अलावा जिन विद्यार्थियों के आर्ट्स में अच्छे अंक है। वे बीए में गणित, अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान व राजनीतिक शास्त्र विषय लेकर भविष्य को मजबूत कर सकते हैं। इसके अलावा प्रोफेशनल कोर्स भी चुन सकते हैं।

# भ्रूण लिंग जांचने के लिए 65 हजार रुपये लेने वाले दलाल को दबोचा

## गुरुग्राम और झज्जर की पीएनडीटी टीमों ने संयुक्त कार्रवाई में आरोपी को पकड़कर किया पुलिस के हवाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

तमाम जागरुकता अभियानों और कड़ी कार्रवाई के बावजूद कोख के दलाल अपराध करने से बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसे ही एक मामले का पर्दाफाश करते हुए झज्जर व गुरुग्राम की पीएनडीटी टीमों ने बहादुरगढ़ में एक दलाल को 64 हजार रुपए के साथ रंगेहाथ पकड़ लिया। चिकित्सा अधिकारियों की शिकायत के आधार पर पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है।

- अधिकारियों की शिकायत पर पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही

दलअसल, चिकित्सा विभाग की गुरुग्राम ईकाई को सूचना मिली कि राकेश नाम का एक दलाल गुप्त रूप अल्ट्रासाउंड करवाता है और भ्रूण लिंग की जांच के नाम पर मोटी रकम ऐंठता है। गुरुग्राम के सिविल सर्जन ने इस सूचना के आधार पर नोडल ऑफिसर डॉ. सुमित धनखड़, चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरीश कुमार और डॉ रवि की टीम गठित कर दी। राकेश नामक दलाल ने बातचीत के उपरांत इस टीम को टीकरी बॉर्डर मेट्रो स्टेशन पर बुलाया। टीम दलाल का पीछा करते हुए बहादुरगढ़ पहुंची तो झज्जर के सिविल सर्जन डॉ. ब्रह्मदीप सिंह को भी सूचना दी। सिविल सर्जन झज्जर ने भी डॉ दीपक शर्मा, डॉ अरुण व डॉ हर्षदीप की टीम गठित कर दी। झज्जर की पीएनडीटी टीम भी गुरुग्राम की पीएनडीटी टीम के साथ रेड में शामिल हो गई। इस बीच आरोपी दलाल ने डिकॉय से 65 हजार रुपए प्राप्त किए। फिर रोहतक रोड स्थित एक डायग्नोस्टिक सेंटर पर पहुंचकर अल्ट्रासाउंड कराने के लिए 800 रुपए की पर्ची कटाई और डिकॉय अल्ट्रासाउंड कराने के लिए कमरे में चली गई। जहां महिला डॉक्टर ने डिकॉय का अल्ट्रासाउंड किया और उसके बाद डिकॉय सेंटर से रिपोर्ट लेकर बाहर आ गई। बाहर आकर दलाल से डिकॉय ने उसकी रिपोर्ट पूछी तो दलाल ने डिकॉय को उसके गर्भ में लड़की होने की जानकारी दी। डिकॉय ने तुरंत चिकित्सा विभाग की टीम को इशारा कर दिया। मौके की ताक में खड़ी टीम ने इशारा मिलते ही राकेश को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान दलाल राकेश से 64 हजार रुपए बरामद किए गए। साथ ही सेंटर की भूमिका जांचने के लिए छानबीन की गई। पुलिस को भी सूचना दी गई।



बहादुरगढ़। चिकित्सा विभाग की संयुक्त टीम द्वारा पकड़ा गया आरोपी।

### गुप्त सूचना पर गुरुग्राम की टीम काम कर रही थी

भ्रूण लिंग जांच के मामले में गुप्त सूचना के आधार पर गुरुग्राम की टीम काम कर रही थी। हमने भी सूचना मिलते ही रेड ज्वाइन कर ली। इस अपराध के लिए आरोपी ने 65 हजार रुपए लिए थे। अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए उसने 800 रुपए का भुगतान किया था। इसके तुरंत बाद उसे 64 हजार रुपए के साथ पकड़ लिया गया। आगामी कार्रवाई के लिए पुलिस को सूचना दे दी है। इससे जुड़े अल्ट्रासाउंड केंद्र समेत हर शख्स की भूमिका की जांच की जा रही है।

- डॉ. ब्रह्मदीप सिंह, सिविल सर्जन, झज्जर

# तीन गाड़ियों ने ढाई घंटे की मशक्कत के बाद बुझाई समारोह स्थल में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव बाढ़सा स्थित एक समारोह स्थल में बुधवार की दोपहर अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग लगने के कारण जहां समारोह स्थल में रखा सामान जल गया वहीं एक स्कूटी व ट्रैक्टर के टायर का कुछ हिस्सा भी झुलस गया। समारोह स्थल में मौजूद लोगों ने जब गोदाम से धुआं निकलते देखा तो उन्होंने इसी सूचना फायर ब्रिगेड को दी और स्वयं भी आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। आग के अधिक फैल जाने के कारण फायर ब्रिगेड कर्मचारियों को भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। करीब ढाई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने से कितना नुकसान हुआ है इसका आंकलन नहीं हो पाया। फायर ऑफिसर प्रमोद ने बताया कि उन्हें करीब साढे. बारह बजे आग लगने की सूचना मिली थी जिस पर कार्रवाई करते हुए उन्होंने एक गाड़ी झज्जर से, एक गाड़ी बाढ़सा एम्स व एक अन्य गाड़ी बहादुरगढ़ से मौके पर भेजी। आग किन कारणों से लगी इसका पता नहीं चल पाया।



झज्जर। बाढ़सा के समारोह स्थल में आग के कारण क्षतिग्रस्त हुआ सामान व ट्रैक्टर।

# पुराना बर्फखाना रोड पर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

बुधवार देर रात शहर के पुराना बर्फखाना रोड पर एक पारिवारिक विवाद के कारण जमकर हंगामा हुआ। स्थिति यह रही कि क्षेत्र के एक गांव से आए कुछ लोगों ने वहां जाम लगाने की कोशिश की। ग्रामीणों का आरोप है कि उनके गांव की एक महिला ने अपने नाबालिग पुत्र का गला दबाने की कोशिश की। किसी प्रकार वह बच्चा अपनी जान बचाकर दुकान से बाहर निकला तो अन्य दुकानदारों ने उसे उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। ग्रामीणों का कहना है कि यह सब प्रॉपर्टी के चक्कर में हो रहा है।

- महिला पर नाबालिग पुत्र का गला दबाकर मारने की कोशिश का आरोप

इसके बाद जब रूटीन गश्त के दौरान डीएसपी की गाड़ी वहां से गुजरी तो ग्रामीण उस गाड़ी के आगे खड़ा होकर अपना दुखड़ा सुनाने लगे। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के परिजनों से मामले की जानकारी लेते हुए उक्त महिला के बयान लेने के लिए थाने ले गई।



झज्जर। मौका स्थल पर पहुंची पुलिस और उपस्थित लोगों की भीड़।

# वाहनों की बढ़ती चोरी ने बढ़ाई पुलिस की परेशानी

**बहादुरगढ़।** इलाके में वाहन चोरी की वारदात थमने का नाम नहीं ले रही। सबसे अधिक वारदात मेट्रो स्टेशन/देवीलाल पार्क के आसपास हो रहे हैं। अब तीन और वाहन मालिकों ने पुलिस को शिकायत दी हैं। गांव खरहर के निवासी कर्मजीत का कहना है कि मंगलवार को दिल्ली गया था। जाने से पहले सुबह करीब आठ बजे देवीलाल पार्क/मेट्रो स्टेशन के नजदीक बाइक खड़ी की थी। रात को वापस आया तो बाइक वहां नजर नहीं आई, जहां खड़ी की थी। वहीं, जसोरखेड़ी के निवासी सतीश का कहना है कि उसने 9 जून की सुबह अपनी बाइक मेट्रो स्टेशन के नीचे जूस की रेहड़ी के पास खड़ी की थी। फिर मेट्रो के जरिये दिल्ली चला गया। शाम को वापस आया तो बाइक नहीं मिली। कोई अज्ञात शख्स चुरा ले गया है। इन शिकायतों पर सेक्टर-6 थाने में केस दर्ज हुए हैं। दूसरी तरफ आसंडा के निवासी सतीश का कहना है कि गांव में उसका ढाबा है। रात को अपनी बाइक ढाबे पर खड़ी की थी। उसमें चाबी लगी हुई थी। अगली सुबह देखा तो नहीं मिली। अब तक अपने स्तर पर तलाश करता रहा लेकिन कुछ पता नहीं चला। इस शिकायत पर आसौदा थाने में केस दर्ज हुआ है। बता दें कि इलाके में दोपहिया वाहनों की चोरी लगातार हो रही हैं। लगभग हर रोज कोई न कोई शख्स वाहन चोरी की शिकायत लेकर थाने में पहुंच रहा है।

**पौधरोपण** | वर्षों पुराने पेड़ कटने के कारण पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा

# इस मानसून में साढ़े 32 हजार पौधे लगाने की तैयारी में वन विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

एक तरफ जहां वन विभाग हर साल वन महोत्सव मनाकर हरियाली को बढ़ावा देने का नियमित प्रयास करता है। वहीं दूसरी तरफ क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट जैसी सामाजिक संस्थाएं भी गोष्ठियां व पौधरोपण आदि कार्यक्रम करके हरा-भरा बहादुरगढ़ बनाने के लिए सतत प्रयासरत हैं। मगर क्षेत्र को हरा-भरा बनाने में अपेक्षित सफलता नहीं मिल पाई है। यही कारण है कि बहादुरगढ़ रेंज में कुल पेड़ों की संख्या 2 लाख 47 हजार 727 ही है। इस बार भी मानसून के दौरान वन विभाग 32 हजार 441 पौधे लगाने की योजना बना रहा है। करीब 90 हजार पौधे फ्री सप्लाई के लिए तैयार किए गए हैं।



बहादुरगढ़। वन विभाग की नर्सरी में तैयार किए गए पौधे।

बता दें कि राष्ट्रीय वन नीति के अनुसार कुल भूमि के 33 प्रतिशत हिस्से पर वन क्षेत्र होना चाहिए, लेकिन एक सर्वे के अनुसार प्रदेश का वन क्षेत्र केवल 4 प्रतिशत है। जबकि चिंता का विषय यह है कि झज्जर जिले में यह घटकर केवल 2 प्रतिशत से भी कम रह जाता है। वन विभाग ने क्षेत्र के गांव सांखोल, जसौरखेड़ी व लगरपुर में पौध तैयार करने के लिए नर्सरी बना रखी है। यहां से सजावटी पौधों को छोड़ बाकी सभी पौधे मुफ्त दिए जाते हैं। वन विभाग द्वारा मानसून के दौरान प्रतिवर्ष पौधारोपण कर हजारों वृक्ष रोपे जाते हैं। लेकिन औपचारिकता पूरी करने के लिए लगाए जाने वाले पौधे भी रखरखाव के अभाव में जिंदा नहीं रह पाते। यही कारण है कि विभाग के रिकार्ड में बहादुरगढ़ रेंज में 2 लाख 47 हजार 727 वृक्ष ही दर्ज हैं। पर्यावरण प्रेमी डॉ. अजय जैन के अनुसार एक आदमी दिन में औसतन 550 लीटर ऑक्सीजन इस्तेमाल करता है। जबकि एक पेड़ दो आदमियों की ऑक्सीजन की जरूरत पूरा कर सकता है। चूंकि यह ऑक्सीजन हमें मुफ्त में उपलब्ध है, इसलिए हमें इसकी कद्र नहीं है। पर्यावरण प्रेमी प्रदीप के अनुसार यदि पौधे लगाने के साथ ही उनकी नियमित देखभाल की जाए तो हर साल वन क्षेत्र में इजाफा हो सकता है। वर्षों पुराने पेड़ तो कट रहे हैं, लेकिन नए वृक्ष उस मात्रा में नहीं लग पा रहे, जिस कारण पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। उनके अनुसार वन विभाग से लेकर सामाजिक संस्थाओं का मुख्य मकसद पौधरोपण कर हरियाली लाना है। सामूहिक प्रयासों से ही धरातल पर तस्वीर बदलेगी।

### बहादुरगढ़ में कुल 2 लाख 47 हजार 727 पेड़

रेंज फॉरेस्ट ऑफिसर श्रीभगवान के अनुसार बहादुरगढ़ में कुल 2 लाख 47 हजार 727 पेड़ हैं। इस बार नर्सरी में 1 लाख 57 हजार 775 प्लांट तैयार किए गए हैं। इनमें से करीब 22 हजार किसानों की अनुमति के साथ खेतों में लगाए जाएंगे। रिप्लेसमेंट के लिए 2181 तथा फ्री सेल के लिए करीब 90 हजार पौधे निर्धारित किए गए हैं।

# सांखोल में चेकिंग कर रही सीआईए टीम पर गाड़ी चढ़ाने का किया प्रयास

## एएसआई ने फायर कर बचाई अपनी व साथी की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव सांखोल में रोहतक-दिल्ली रोड पर बीती रात को वारदात हो गई। यहां चेकिंग कर रहे सीआईए स्टाफ के जवानों को गाड़ी चढ़ा मारने के प्रयास किया गया। जैसे-तैसे पुलिस कर्मी ने गोली चलाकर अपनी जान बचाई लेकिन बदमाश भागने में कामयाब रहा। इस संबंध में अज्ञात गाड़ी चालक पर सेक्टर-6 थाने में जान से मारने का प्रयास करने सहित अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

- शातिर स्विफ्ट कार में सवार थे पुलिस कर रही तलाश

शिकायतकर्ता एसआई रामअवतार के मुताबिक, वह सीआईए बेरी में तैनात हैं। मंगलवार की रात को एक मामले की तफ्तीश में गांव सांखोल में थे। इस दौरान सूचना मिली कि रोहतक की ओर से एक टेंपरेरी नंबर की स्विफ्ट कार आएगी। उसमें संदिग्ध किस्म का युवक है। इस सूचना के बाद उन्होंने एएसआई मुकेश और ईएचसी मदनपाल के साथ रोहतक-दिल्ली रोड पर नाका लगा दिया। चेकिंग के दौरान हमने एक स्विफ्ट गाड़ी रुकवाई। चालक ने कारण पूछा तो हमने कहा कि पुलिस स्टाफ है, आपकी गाड़ी चेक करनी है। इतना सुनते ही उसने तेज गति में गाड़ी पीछे ली फिर आगे की तरफ भगाने लगा। हमने रोकना चाहा लेकिन उसने आगे खड़े साथी मुकेश व मदनपाल को जान से मारने की नीयत से टक्कर मारने की कोशिश की। मुकेश ने अपनी सर्विस पिस्तौल से एक फायर किया और जैसे तैसे अपना बचाव किया। इसके बाद शातिर बहादुरगढ़ की तरफ भाग गया। उधर, मामले की सूचना पाकर इलाके की पुलिस हरकत में आई। लेकिन उसका कुछ सुराग नहीं लगा। फिलहाल सेक्टर-6 थाने में शिकायत के आधार पर 307, 279, 186, 353 आदि धाराओं के तहत केस दर्ज हुआ है।



फिटनेस फंडा / यश पंडित

## मेरी हेल्थ-फिटनेस का सीक्रेट न्यूट्रिशस डाइट-वॉकिंग-अच्छी नींद

कई फिल्मों और हिट टीवी शोज में नजर आ चुके, यश पंडित हाल में ही सोनी सब टीवी के शो 'आंगन अपनो का' में राकेश की भूमिका में दिखे थे। यहां **हरिभूमि** से अपना फिटनेस फंडा शेयर कर रहे हैं यश पंडित।



हम सभी को अपनी हेल्थ का बहुत ख्याल रखना चाहिए। कहते भी हैं-हेल्थ इज़ वेल्थ। मैं अपने फैंस से यही कहूंगा कि हेल्थ-फिटनेस को लेकर लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए।

### मेरा फिटनेस सीक्रेट

न्यूट्रिशस डाइट, तेज गति से वॉक, खूब पानी पीना और अच्छी नींद लेना। ये चार मेरे फिटनेस सीक्रेट्स हैं। इन चारों को मैं अपनी दिनचर्या में शामिल करता हूं। आप भी इन्हें शामिल करें फिर देखें आपकी हेल्थ कितनी बढ़िया हो जाएगी।

### हल्की एक्सरसाइज़

कोरोना के बाद चूंकि अधिकांश लोगों की इम्यूनिटी पर नेगेटिव असर पड़ा है इसलिए अब वह स्थिति नहीं रही, जब आप तीन-चार घंटे लगातार जिम में जाकर बहुत टफ वर्कआउट करें। आज के समय में हल्का वर्कआउट ही बेहतर है। अब आप शरीर को जरूरत से ज्यादा थकाते हैं तो वह झेल नहीं पाता है। ऐसी खबरें हम अकसर पढ़ते हैं या अपने आस-पास देखते हैं कि कोई जिम में एक्सरसाइज करते हुए गिर गया तो कोई डांस करते हुए। इसलिए शारीरिक क्षमता के अनुसार हल्की एक्सरसाइज ही करना सही है।

### डाइट का रखें ख्याल

हल्की एक्सरसाइज के साथ-साथ अपनी डाइट का पूरा ख्याल हमें रखना चाहिए। न्यूट्रिशस डाइट लें। मैं भी रेग्युलर डाइट में प्रोटीन के अलावा सब्जियों, दालों, फलों को जरूर शामिल करता हूं। ध्यान रहे आपको डेली हैवी ब्रेकफास्ट, न्यूट्रिशस लंच और डिनर लेना है। डाइट का बैलेंस होना जरूरी है।

### डिनर लेने में ना करें देरी

आजकल बहुत सारे लोग लेट नाइट डिनर करते हैं, जो सही नहीं है। हालांकि हेल्थ कॉन्शस लोग शाम सात बजे तक अपना डिनर ले लेते हैं। यह बहुत अच्छी आदत है। इससे खाने को पचने के लिए पर्याप्त समय मिल जाता है और सुबह आप बहुत अच्छा फील करते हैं। जहां तक संभव होता है मैं भी डिनर जल्द ही कर लेता हूं। हालांकि जब शूटिंग चल रही होती है तब हम लोगों के लिए समय से लंच, डिनर करना और बैलेंस डाइट ले पाना बहुत मुश्किल हो जाता है। लेकिन जितना बेस्ट मैं कर सकता हूं, उस स्थिति में करने की कोशिश करता हूं। एक अच्छी बैलेंस डाइट लेने की पूरी कोशिश करता हूं।

### हमेशा खुश रहता हूं

मैं हमेशा खुश रहता हूं। मेरा मानना है कि फिट रहने के लिए जिंदगी में यह भी बहुत जरूरी है कि आप हर स्थिति में खुश रहें, मस्त रहें और अपने काम में व्यस्त रहें।

### अच्छी नींद जरूरी

फिट रहने के लिए खूब काम करना और उसके बाद रात को अच्छी गहरी नींद लेना बहुत जरूरी है। अच्छी नींद, अच्छी हेल्थ के लिए बहुत जरूरी होती है। इसलिए कितने ही व्यस्त रहें लेकिन नींद से समझौता न करें।

### पानी खूब पीता हूं

मैं खूब पानी पीता हूं। आपसे भी कहूंगा दिन भर में जितना हो सके पानी पीजिए। नारियल पानी, नीबू पानी, लस्सी, छाछ, दूध, फ्रूट जूस को भी शामिल करें। यानी, खूब लिक्विड अपनी बॉडी को दें।

### वॉकिंग है जरूरी

रोज कुछ समय वॉक पर जाएं। कोशिश करें कि जितना पैदल चल सकें चलें। सुबह की सैर या ईवनिंग वॉक जो कर सकते हैं करें। पैदल चलना बहुत अच्छा व्यायाम है, इसे अपनी रुटीन में शामिल करें। अगर हर इंसान 24 घंटे में से आधा घंटा भी तेज पैदल चले तो वह फिट रह सकता है। * प्रस्तुतिः रेणु खंतवाल

---


किसी रोग से ग्रस्त होने के बावजूद, अगर आप अच्छा-पॉजिटिव सोचेंगे तो न केवल अच्छा महसूस करेंगे, बल्कि इससे आपके स्वास्थ्य में भी तेजी से सुधार होगा। इसके विपरीत नेगेटिव विचारों, चिंता या भय से स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। ऐसा क्यों होता है और इससे कैसे अपना बचाव करें, आपको जरूर जानना चाहिए।

हेल्थ एडवाइस/ विनीता

## पॉजिटिव सोचें-हेल्दी रहें







आपने इस बात पर गौर किया होगा कि जब भी घर में कोई बीमार होता है, तो परिवार के बुजुर्ग सदस्य यही कहते हैं, कोई बात नहीं चिंता न करो, दवा समय पर लेते रहो, आराम करो, जल्द ही ठीक हो जाओगे। ऐसी बातें केवल बीमार को झूठा दिलासा देने या उसका मन बहलाने के लिए नहीं कही जातीं, बल्कि इसके पीछे यह मनोवैज्ञानिक तथ्य छिपा होता है कि अच्छा और पॉजिटिव सोचने पर सब कुछ अच्छा ही होता है। दरअसल, ब्रेन ही हमारी सभी शारीरिक-मानसिक क्रियाओं को नियंत्रित करता है, इसलिए जब हम अच्छा सोचते हैं तो हमें अच्छा महसूस भी होता है। फिर हमारी सारी गतिविधियां भी पॉजिटिव दिशा की ओर अपने आप बढ़ने लगती हैं।

### शोध से हो चुका प्रमाणित

वर्षों पहले वैज्ञानिक अध्ययन से भी इस तथ्य की पुष्टि हो चुकी है कि पॉजिटिव सोचने वाले अधिक हेल्दी रहते हैं। अमेरिकी वैज्ञानिक वाल्टर पी. कैनेडी ने 1961 में सबसे पहले नोसेबो इफेक्ट शब्द का प्रयोग किया था। इस टर्म की उत्पत्ति लैटिन शब्द 'नोसेरे' से हुई थी, जिसका अर्थ होता है-नुकसान पहुंचाना। उपचार के दौरान बीमार व्यक्ति के मनोदशा पर उसके सकारात्मक विचारों का क्या असर होता है, यह जानने के लिए वैज्ञानिकों ने जब उन पर अध्ययन किया तो उन्हें पता चला कि अच्छे परिणाम के बारे में सोचकर दवाओं का सेवन करने वाले लोगों की हेल्थ में तेजी से सुधार होता है। इस प्रभाव का नाम प्लेसिबो इफेक्ट दिया गया, जिसका अर्थ होता है, मैं शीघ्र स्वस्थ हो जाऊंगा। इसी अध्ययन के अपोजिट इफेक्ट को समझने के दौरान नोसेबो इफेक्ट का प्रभाव सामने आया। इन दोनों ही तरह के अध्ययनों में कई रोचक परिणाम सामने आए। जैसे मामूली सिरदर्द होने पर वैज्ञानिकों ने लोगों को दर्द निवारक रहित टॉफी जैसी कोई सादी गोली दी, जिसे लेने के बाद लोगों ने कहा कि उन्हें आराम महसूस हो रहा है, जबकि वास्तव में उन्हें कोई दवा दी ही नहीं गई थी। इसी तरह कोविड काल के दौरान प्रयोग के तौर पर कुछ लोगों को यह बताकर विटामिन के कुछ ऐसे हल्के इंजेक्शन दिए गए कि उन्हें कोविड से बचाव का वैक्सीन लगाया जा रहा है। चूंकि लोगों को पहले से इसके साइड इफेक्ट के बारे में मालूम था, इसलिए उन्हें सिरदर्द, नॉजिया और बुखार का भ्रम होने लगा। जबकि वास्तव में उन्हें कोई वैक्सीन नहीं लगाया गया था। टीके के असर के बारे में नकारात्मक बातें सोचने के कारण लोगों को ऐसी तकलीफ महसूस हो रही थी।



### नेगेटिव सोच का इफेक्ट

जो लोग अपनी हेल्थ के प्रति जरूरत से ज्यादा सचेत होते हैं, उनमें भी नोसेबो इफेक्ट के लक्षण नजर आते हैं। अब तक किए गए अध्ययनों से यह तथ्य सामने आया है कि जब कोई व्यक्ति लगातार यही सोचे कि मुझे दर्द हो रहा है, मुझे अमुक बीमारी है तो कुछ समय के बाद वाकई उसे दर्द होने लगता है। हालांकि वास्तव में वह शारीरिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ होता है, लेकिन मनोवैज्ञानिक कारणों से उसके शरीर में बीमारियों जैसे लक्षण भी प्रकट होने लगते हैं।

### इंटरनेट नॉलेज भी है वजह

आजकल किसी भी स्वास्थ्य समस्या का नाम सुनते ही लोग सबसे पहले इंटरनेट पर उसके बारे में सर्च करना शुरू कर देते हैं। उसके लक्षणों से अपना मिलान करने लगते हैं। सच्चाई यह है कि इंटरनेट पर मौजूद हर जानकारी पूरी तरह सही नहीं होती है। कई बार किसी स्वास्थ्य समस्या का विवरण कुछ इस तरह दिया जाता है कि उस जानकारी से लोग भयभीत हो जाते हैं और बीमार न होने पर भी खुद को गंभीर रोग का मरीज समझने लगते हैं।

### गैजेट्स के ओवरयूज से बचें

खुद को बीमार मानने की सोच से उबरने के लिए 24 घंटे स्मार्ट वॉच जैसे गैजेट्स से दूर रहना भी जरूरी है। अनेक हेल्थ एप्स का इस्तेमाल करने वाले लोग हमेशा इसी चिंता से त्रस्त रहते हैं कि आज दस हजार कदम चलने का मेरा टारगेट पूरा नहीं हुआ, कल रात मैं आठ घंटे की नींद नहीं ले पाया, मेरा ब्लड प्रेशर बढ़ रहा है, नाड़ी तेज गति से चल रही है। इस तरह से कई बार गैजेट्स और हेल्थ एप्स भी लोगों को हेल्थ एंग्जायटी का मरीज बना देते हैं, इनकी वजह से स्वस्थ व्यक्ति भी स्वयं को थका हुआ और बीमार महसूस करने लगता है। बीमार होने की सोच वाली समस्या से बचाव के लिए गैजेट्स का सीमित इस्तेमाल करें और इंटरनेट पर मौजूद हर जानकारी पर भरोसा ना करें। अपनी हेल्थ के बारे में हमेशा अच्छा और पॉजिटिव सोचें तो हेल्दी, एक्टिव और एनर्जेटिक रहेंगे।



### ऐसे करें बचाव

बीमार होने की नेगेटिव सोच से बचने के लिए थॉट रिप्लेसमेंट का तरीका अपनाएं। जब भी आपके मन में सेहत के प्रति कोई नकारात्मक विचार आए तो सचेत तरीके से उसी वक्त उन बातों से अपना ध्यान हटाकर अच्छी बातें सोचना शुरू कर दें कि मैं शीघ्र स्वस्थ हो जाऊंगा। मैं लगातार ठीक हो रहा हूं। तार्किक ढंग से सोचें और अपने जीवन की वास्तविकता को पहचानें। जब हेल्थ को लेकर मन में कोई डर या चिंता महसूस हो तो इस बात पर विचार करें कि हर बीमारी उपचार संभव है तो फिर परेशान नहीं होना चाहिए। इसके अलावा नकारात्मक बातों से ध्यान हटाने के लिए मनपसंद संगीत सुनें, प्रेरक किताबें पढ़ें या अपनी रुचि से जुड़े कार्यों में स्वयं को व्यस्त रखें। ध्यान और योग को नियमित रूप से अपनी दिनचर्या में शामिल करें। *

**(मनोवैज्ञानिक सलाहकार विचित्रा दर्गन आनंद से बातचीत पर आधारित)**

---

आहार/ राजकुमार 'दिनकर'

## गर्मी में पाचन सही रखे छाछ



सदियों से हमारे देश के ग्रामीण इलाकों के खान-पान का सबसे अहम हिस्सा दूध, दही और छाछ रहे हैं। लेकिन हाल के वर्षों में मई-जून के महीने में, जिस तरह की आग बरसाती गरमी पड़ने लगी है, उससे दही और छाछ की खपत शहरों में भी काफी बढ़ जाती है। ऐसा होना स्वाभाविक है, क्योंकि छाछ इन तपते दिनों में दिल से लेकर दिमाग तक को तृप्त कर देता है।

**बढ़ी है डिमांड-सप्लाई:** इस वर्ष भी अप्रैल के बाद से ही पूरे देश में बहुत तेजी से छाछ या मट्ठा की मांग बढ़ गई है। इसका कारण है तेज गरमी। छाछ के स्वाद और स्वास्थ्य को इससे होने वाले लाभ के कारण आज अनेक दुग्ध-उत्पादक कंपनियां पैकेटबंद अलग-अलग स्वाद की छाछ बाजार में बेच रही हैं। इन्हें खरीदकर पीने वाले ग्राहकों की संख्या में भी लगातार इजाफा हो रहा है। दरअसल, दही से बनने वाली छाछ में कई स्वास्थ्यवर्धक गुण मौजूद होते हैं।

**कई तरह से लाभकारी:** छाछ में मौजूद जीवाणु, आंतों में क्रियाशील हानिकारक कीटाणुओं को समाप्त कर देता है। यह हमारी रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। गर्मी के दिनों में तो यह एक औषधि जैसा काम करता है। आयुर्वेद में बताया गया है कि गर्मी के दौरान दोपहर के भोजन के अंत में छाछ पीना, स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक होता है।

**पाचन करे सही:** दूध और दही दोनों की अपेक्षा छाछ हल्का और सुपाच्य होता है। गर्मी के मौसम में अगर इसे रोज पिया जाए तो यह शरीर में आलस्य पैदा नहीं करता और इससे पेट में भारीपन भी महसूस नहीं होता है। कमजोर पाचनशक्ति वालों के लिए यह विशेष रूप से उपयोगी होता है। यह भोजन को जल्दी पचाने में भी सहायक होता है। इससे कब्ज और दस्त दोनो ही समस्याएं सही हो जाती हैं।

**कई रोगों से बचाए:** हृदय रोगियों के लिए छाछ विशेषतौर पर लाभदायक होता है, क्योंकि इसमें दूध की तुलना में चिकनाई कम होती है। इसके अलावा ब्लड प्रेशर, दमा, गठिया आदि बीमारियां मट्ठे के सेवन से पास नहीं फटकती हैं।

**रखें ध्यान:** छाछ का सेवन जहां तक हो सके, सुबह नाश्ते के समय और दोपहर के भोजन में ही करना चाहिए। छाछ हमेशा ताजा ही पीना चाहिए। इसे मिट्टी या कांच के बर्तन में पीना अधिक फायदेमंद होता है।

- बुखार आने पर, सर्दी के मौसम में या जुकाम होने की वजह से अगर कफ बन रहा हो तो इसका सेवन नहीं करना चाहिए।
- बारिश के मौसम में भी इसे नहीं पीना चाहिए या बहुत कम मात्रा में पीना चाहिए।
- बहुत ज्यादा खट्टा छाछ पीना भी शरीर को नुकसान पहुंचा सकता है। *

---

हर्बल जोन

रेखा देशराज

भृंगराज एक ऐसी जड़ी-बूटी है, जिसका कई तरह की शारीरिक समस्याओं में उपयोग किया जा सकता है। शरीर की इम्यूनिटी बढ़ाने और बालों को हेल्दी रखने के साथ ही गर्मी में यह विशेष रूप से उपयोगी होता है। इसके गुणों के बारे में जानिए।

## कई समस्याओं में कारगर भृंगराज





भृंगराज का पौधा, इंसान को ज्ञात सबसे पुरानी और उपयोगी जड़ी-बूटियों में से एक है। आयुर्वेद में इसके अनेक उपयोग दर्ज हैं। सबसे ज्यादा तो यह जड़-बूटी ठंडे भृंगराज तेल के लिए जानी जाती है,जो सिरदर्द भगाने में रामबाण की तरह होता है। भृंगराज उन गिनी-चुनी हर्बल में से भी एक है, जिसका हर हिस्सा औषधीय दृष्टि से उपयोगी होता है। इसके इस्तेमाल से लिवर और आंतों के स्वास्थ्य में जबरदस्त सुधार होता है।

**कई नामों से लोकप्रियः** भृंगराज को वनस्पतिशास्त्र में एक्लिप्टा अल्बा कहते हैं। इसके अन्य नामों में भांगड़ा, थिसल्स, माका, अंगारक, बंगरा, केसुती, बाबरी आदि हैं। इसे अलग अलग क्षेत्रों की बोली भाषाओं में अलग-अलग नाम से पुकारा जाता है। इसमें तीखी गंध होती है और ये उस जगह बारिश के दिनों में अपने आप उग आता है, जहां नमी होती है।

**गर्मी में विशेष लाभकारी:** भृंगराज की तासीर ठंडी होती है, इसलिए अगर गर्मी के मौसम में पेट संबंधी कोई भी समस्या मसलन अपच, गैस बनना और कब्ज से पीड़ित हों तो बहुत आसानी से इसके इस्तेमाल से इन समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है। आयुर्वेद के मुताबिक अगर गर्मियों में भृंगराज का तीन महीने तक शर्बत पीया जाए, तो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है।

**बालों के लिए वरदानः** भृंगराज पौधे की पत्तियों में विशेष गुण होते हैं। जिन लोगों के सिर के बाल झड़ रहे हों, वो लोग अगर भृंगराज के पौधे की हरी पत्तियों को पीसकर अपने सिर में लगा लें तो बाल झड़ने तुरंत बंद हो जाते हैं। झड़ते बालों को रोकने ही नहीं बल्कि उन्हें काला करने के बारे में भी इसको ख्याति हासिल है।

**होते हैं कई गुणः** भृंगराज में अनेक प्रकार के एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं जैसे- फ्लेवोनॉयड और एल्कलॉइड। ये एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर को नुकसान पहुंचाने वाले हानिकारक पदार्थों को शरीर से बाहर निकालने का काम करते हैं और विभिन्न प्रकार के हानिकारक चीजों से लिवर की रक्षा करते हैं। लिवर की रक्षा के लिए भृंगराज बहुत उपयोगी माना जाता है। इसमें एंटीमाइक्रोबियल गुण भी होते हैं, जो लिवर को हैपेटाइटिस सी जैसे वायरल संक्रमण से बचाता है। भृंगराज शरीर में होने वाली सूजन को असरदार ढंग से रोकता है और इसके अंदर जो पोषक तत्व होते हैं, उन्हीं से बालों की गुणवत्ता और उनकी लंबाई में इजाफा होता है। त्वचा के कटने, छीलने या घाव आदि हो जाने पर भी यह असरदार तरीके से काम करता है। यह कफ और वात विकार को भी कम करता है। लिवर के साथ किडनी के स्वास्थ्य के लिए भी यह बेहद उपयोगी है। फैटी लिवर और पीलिया जैसी समस्याओं में यह बेहद असरकारी होता है। त्वचा के संक्रमण से भी यह बचाता है।

**एक्सपर्ट की राय से करें यूजः** इसकी पत्तियों का पेस्ट बनाकर और उसमें तेल मिलाकर इस्तेमाल कर सकते हैं। या फिर बाजार से मिलने वाले भृंगराज हर्बल के विभिन्न प्रोडक्ट्स जैसे कैप्सूल आदि का सेवन किया जा सकता है। भृंगराज का उपयोग हमेशा किसी आयुर्वेद एक्सपर्ट की सलाह और देख-रेख में ही करना चाहिए, वरना नुकसान भी हो सकता है। *


---

डिजीज

डॉ. माजिद अलीम

ब्रेन ट्यूमर की समस्या किसी भी उम्र में और किसी को भी हो सकती है। ऐसे में इससे बचाव का एक ही तरीका है कि समय रहते इसे डायग्नोज कर ट्रीटमेंट शुरू कर दिया जाए। इसके लिए लोगों में अवेयरनेस होना जरूरी है।

## ब्रेन ट्यूमर सजगता ही सबसे बड़ी सुरक्षा है





विशेषज्ञों के मुताबिक़ ब्रेन ट्यूमर के चार स्टेज होते हैं और अगर तीसरे स्टेज़ के शुरुआत में भी इसका पता चल जाए तो बीमार व्यक्ति को बचाया जा सकता है। इस बात से यह महत्वपूर्ण तथ्य निकलता है कि अगर हम समय रहते ब्रेन ट्यूमर की पहचान कर लें, तो इस घातक बीमारी से हर हाल में बचा जा सकता है।

**किसी को भी हो सकता हैः** हर साल दुनिया में ब्रेन ट्यूमर के 300000 से ज्यादा मामले सामने आते हैं। यह समझना भी जरूरी है कि कोई भी इसकी गिरफ्त में आ सकता है। एक जमाने में माना जाता था कि 20 साल की उम्र तक के लोगों को ब्रेन ट्यूमर की समस्या नहीं होती, लेकिन बदले खान-पान, प्रदूषण में हुए भारी इजाफे और अन्य कारणों के चलते आज 21 से 85 साल की उम्र समूह के किसी भी शख्स को इसकी समस्या हो सकती है। 40 साल से ज्यादा की उम्र वालों में इसकी आशंका इससे कम उम्र के लोगों के मुकाबले 20-21 फीसदी बढ़ जाती है।

**क्या है ब्रेन ट्यूमरः** वास्तव में जब मस्तिष्क में या इसके आस-पास की कोशिकाओं के डीएनए में खामी आ जाती है या वो बदल जाते हैं तो ये ब्रेन कैंसर के खतरे को जन्म देते हैं। दरअसल, डीएनए परिवर्तन के चलते जब ट्यूमर कुछ खास रसायनों के संपर्क में आता है तो इनका प्रभाव बहुत घातक हो जाता है। सवाल है, आखिर किसी को ब्रेन ट्यूमर किन वजहों से होता है और किन वजहों से इसमें लगातार तेजी आती जा रही है? सच्चाई यही है कि ब्रेन ट्यूमर की एक बड़ी वजह धरती में नियमित रूप से प्रदूषण का बढ़ना है। दरअसल निकिल, कैडमियम, विनाइल क्लोराइड, रेडान, बेंजीन ऐसे रसायन हैं कि अगर इन रसायनों के लगातार संपर्क में रहा जाए तो ब्रेन ट्यूमर की आशंका बढ़ जाती है। धूम्रपान भी इसकी दूसरी एक बड़ी वजह है। सिर में चोट लगने पर अगर सही से उसका इलाज न करवाया जाए तो एक स्थिति के बाद यह चोट भी मस्तिष्क ट्यूमर की वजह भी बन सकती है। लगातार तनाव में रहना, नींद न आना, बार बार चोट लगना इससे भी ब्रेन ट्यूमर की आशंका बढ़ जाती है।

**पहचानें शुरुआती लक्षणः** ब्रेन ट्यूमर को समय रहते पकड़ना मुश्किल नहीं है बशर्ते हम सजग हों। जब सुबह के समय सिर में तेज दर्द हो और इसी दर्द की वजह से कई बार रात को जागना भी पड़े तो यह सामान्य सिरदर्द नहीं। ऐसे में तुरंत न्यूरोलॉजिस्ट को दिखाना चाहिए कि कहीं यह ब्रेन ट्यूमर की निशानी तो नहीं। रात में और सुबह तेज सिरदर्द के अलावा ब्रेन ट्यूमर के जो अन्य महत्वपूर्ण लक्षण हैं उनमें-बोलने और सोचने में कठिनाई का महसूस होना, आंखों में धुंधला दिखना, अचानक सुनने की क्षमता में कमी हो जाना, चेहरे का सुन्न हो जाना, थूक को निगलने में कठिनाई होना, किसी चीज में मन न लगना, विभिन्न तरह की गंधों का पता न लगना यानी उनका एहसास न होना। ये सब ब्रेन ट्यूमर के लक्षण हो सकते हैं।

**संभव है ट्रीटमेंटः** ब्रेन ट्यूमर लाइलाज नहीं है। लेकिन अगर समय रहते इस बीमारी को पकड़ने में आप चूक गए तो यह लाइलाज हो सकता है। इसलिए सबसे जरूरी यही है कि आप इसे लेकर सजग रहें। अगर आप के माता-पिता ब्रेन ट्यूमर के सर्वाइवर रहे हैं तो आपको और भी ज्यादा सावधान रहना चाहिए क्योंकि आपके इसकी चपेट में आने की आशंका और ज्यादा है। *

---

### आमंत्रित हैं लेख...

स्वयं डॉक्टर्स या लेखक, स्पेशलिस्ट डॉक्टरों से बातचीत पर आधारित लेख हमें इस पृष्ठ में प्रकाशनार्थ भेज सकते हैं। लेख इस पते पर भेजें

हरिभूमि- संपादक-सेहत

129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035
या मेल करें- sehatharibhoomi@gmail.com

## खबर संक्षेप

### प्लॉट के बाहर खड़ा टैंपो चोरी

**झज्जर।** गोच्छी गांव में प्लाट के बाहर खड़ा टैंपो चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में गोच्छी गांव निवासी प्रवीन पुत्र सतबीर ने बताया कि बीती 9 जून की रात उसने अपना टैंपो प्लाट के बाहर खड़ा किया था। सुबह जब उसने उठकर देखा तो उसका टैंपो चोरी हो चुका था। उसने अपने स्तर पर टैंपो को तलाशने का प्रयास भी किया लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### मकान का ताला तोड़कर सामान चोरी

**बावल।** रायपुर में चोर एक मकान का ताला तोड़कर हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में योगेश ने बताया कि गांव में उसका पुराना मकान है। मकान में खेती करने का सामान रखा हुआ है। जब वह अपने पुराने मकान में गया तो मकान का ताला टूटा हुआ मिला। चोर मकान से 15 फव्वारा सेट की नोजल, कपास उखाड़ने की मशीन व खेती करने के उपकरण चोरी कर ले गए। आसपास पता करने के बाद भी चोरी का सुराग नहीं लगा।

### कार की टक्कर से बाइक सवार महिला घायल

**कोसली।** मेन बाजार में कार की टक्कर से बाइक सवार एक महिला घायल हो गई। भड़ंगी निवासी रजनी अपने पति व बच्चे के साथ बाइक पर गांव से बाजार की ओर आ रही थी। एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में रजनी घायल हो गई।

## स्वास्थ्य महानिदेशक ने मांगों के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया

# मांगों को लेकर स्वास्थ्य महानिदेशक से मिले बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी

■ एमपीएनएस मेल, फीमेल व एसएमआई सहित सभी प्रमोशन लिस्ट शीघ्र निकालने का भरोसा दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

अपनी लंबित मांगों को लेकर बुधवार को बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोशिएशन सदस्य स्वास्थ्य महानिदेशक से मिलने पहुंचे। कर्मचारियों की समस्या सुनने उपरांत स्वास्थ्य महानिदेशक ने उनकी मांगों के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। एमपीएचई एसोसिएशन के राज्य महासचिव हरिनिवास व वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश चौहान ने बताया कि उन्होंने स्वास्थ्य महानिदेशक डॉक्टर रणदीप पूनिया के साथ सौहार्दपूर्ण माहौल में मीटिंग करते हुए अपनी लंबित मांगों को लेकर विस्तार से बातचीत की। डॉक्टर रणदीप पूनिया ने सभी मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन देते हुए बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी कैडर के पदनाम बदलने, समाप्त हो चुके पदों को बहाल करने, एमपीएनएस मेल, फीमेल व एसएमआई सहित सभी प्रमोशन लिस्ट शीघ्र निकालने का भरोसा दिलाया। एसोसिएशन सदस्यों ने बताया कि उनकी अन्य मांगों में एनएचएम में महिला एमपीएचडब्ल्यू को 4200 ग्रेड पे देना, ड्रेस अलाउंस और यात्रा भत्ता, ट्रांसफर पॉलिसी लागू करना आदि शामिल हैं। एसोसिएशन पदाधिकारियों में रामकुमार, संजय गांधी, महिपाल श्योराण, सुनील पूनिया, सुशील कुमार व बलवान सिंह सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। लंबित मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन सदस्य। फोटो :हरिभूमि

# बीकानेर चौक पर राहगीरों को पिलाया शरबत



झज्जर। बीकानेर चौक पर छबील लगाकर राहगीरों को शरबत पिलाते हुए दुकानदार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

■ चौक के दुकानदारों ने आपसी सहयोग से छबील का आयोजन किया

शहर में छबील लगाकर शरबत पिलाने का सिलसिला जारी है। बुधवार को भट्टी गेट स्थित बीकानेर चौक पर दुकानदारों द्वारा छबील लगाकर राहगीरों को शरबत पिलाया गया। सुबह से दोपहर तक चली इस छबील के दौरान सैंकड़ों राहगीरों ने शीतल जल पीकर अपनी प्यास बुझाई। दुकानदार सुनील सैनी ने बताया कि चौक के दुकानदारों ने आपसी सहयोग से छबील का आयोजन किया। इस दौरान सेवा करने वाले दुकानदारों में मुख्य रूप से करण सिंह सैनी, जगदीश मदान, सुनील सैन, राकेश कुमार, किशोरी राय, तुषार दीवान, वेदप्रकाश सैनी व गगन राय शामिल रहे।

## नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य कर्मियों ने छबील लगाकर पिलाया शरबत

**झज्जर।** दिनों-दिन बढ़ते जा रहे तापमान को देखते हुए जहां शहर में विभिन्न स्थानों पर छबील लगाकर लोगों को मीठा पानी पिलाया जा रहा है वहीं इस होड़ में नागरिक अस्पताल भी अछूता नहीं रहा। बुधवार को डॉक्टर गुरजीत की अध्यक्षता में स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा अस्पताल परिसर में छबील लगाकर अस्पताल में आने वाले लोगों को मीठा पानी पिलाया गया। नर्सिंग अधिकारी कविता ने बताया कि सभी अधिकारी व कर्मचारी अपनी नौकरी के साथ-साथ समय-समय पर किए जाने सामाजिक कार्यों में भी भागीदारी निभाते हैं। उन्होंने लगभग पूरा दिन छबील की सेवा दी। इस दौरान उन्होंने स्टील के गिलासों का उपयोग करते हुए लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिए भी प्रेरित किया। इस मौके पर डॉक्टर ज्योति, एमपीएचडब्ल्यू इंद्रजीत, जगबीर सिंह व श्याम सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। अस्पताल परिसर में लगाई छबील के दौरान लोगों में मीठा पानी वितरित करते हुए स्वास्थ्यकर्मी। फोटो :हरिभूमि

# बैठक में आवेदनों की समीक्षा की

■ मुख्यमंत्री राहत कोष समीक्षा कमेटी की मीटिंग आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मुख्यमंत्री राहत कोष के अंतर्गत आर्थिक सहायता के लिए जिला स्तरीय कमेटी की मीटिंग डीसी कैप्टन शक्ति सिंह की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित हुई। मीटिंग में मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत इलाज के लिए आर्थिक लाभ लेने के लिए प्राप्त हुए आवेदनों की समीक्षा की गई। सिविल सर्जन ब्रह्मदीप सिंह ने आवेदनों को लेकर विस्तार से कमेटी के समक्ष जानकारी प्रदान की। डीसी ने कहा कि नियमों को पूरा करने वाले आवेदनों को मंजूरी प्रदान करते हुए आगामी कार्रवाई के लिए भेजा जाएगा व जल्द आर्थिक सहायता पात्र लाभार्थी को प्रदान की जाएगी। इस मौके पर जिप चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना, नप चेयरमैन जिले सिंह सहित कमेटी के अन्य सदस्य मौजूद रहे।




झज्जर। मीटिंग के दौरान आवेदनों पर चर्चा करते हुए कमेटी के सदस्य।

# 226 शिकायतों का समाधान, प्रतिदिन पोर्टल पर अपडेट किया जा रहा स्टेट्स

■ तीसरे दिन झज्जर में 107, बेरी में 37, बादली में 1, बहादुरगढ़ में 7 शिकायतें दर्ज हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

समाधान शिविर के तीसरे दिन काफी संख्या में नागरिक अपनी समस्या लेकर उपायुक्त के समक्ष पहुंचे। अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा कि पिछले दो दिनों से जिला मुख्यालय सहित बेरी, बहादुरगढ़ व बादली में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिविर में नागरिक विभिन्न प्रकार की समस्याओं के बारे में शिकायतें लेकर आ रहे हैं, जिनमें परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, भूमि विवाद, बिजली कनेक्शन, पेंशन, और अन्य सरकारी योजनाओं से संबंधित मुद्दे शामिल हैं। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में अब तक 226 शिकायतें रखी जा चुकी हैं जिनमें से ज्यादातर शिकायतों का समाधान किया जा चुका है व जो लंबित हैं उनका समाधान जल्द सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में तीसरे दिन झज्जर में 107, बेरी में 37, बादली में 1, बहादुरगढ़ में 7 शिकायतें दर्ज हुई। पूरे जिले में 152 शिकायतें दर्ज हुई। जबकि मंगलवार को समाधान शिविर में 74 शिकायतें दर्ज हुई थी। जिले में अभी तक 226 शिकायतें शिविर में पहुंची हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन पोर्टल पर स्टेट्स अपडेट किया जा रहा है।




झज्जर। समाधान शिविर के दौरान शिकायतें सुनते हुए डीसी कैप्टन शक्ति सिंह।

## क्रेडिट कार्ड ऑनलाइन करने के नाम पर ओटीपी पूछ कर चिकित्सक से ठगे 64 हजार

**झज्जर।** क्रेडिट कार्ड को ऑनलाइन करने का झांसा देकर एक आरएमपी चिकित्सक के खाते से साइबर ठग ने 64 हजार रुपये से अधिक की राशि निकाल ली। साइबर थाना में दर्ज कराई शिकायत में शहर के मॉडल टाउन निवासी अजय पुत्र जिले सिंह ने बताया कि वह क्षेत्र के गांव मारौत में क्लीनिक चलाता है। बीती दस जून की दोपहर बारह बजकर पचास मिनट उसके मोबाइल पर फोन आया। फोन करने वाले व्यक्ति को स्वयं को बैंककर्मी बताते हुए क्रेडिट इश्यू को लेकर उसे ऑनलाइन करने की बात कही। जिसके बाद कथित बैंककर्मी ने उसके मोबाइल पर एक के बाद एक करके आए चार ओटीपी की जानकारी ली जो उसने बता दिए। इसके बाद जब अजय ने देखा तो उसके खाते से चौसठ हजार तीन सौ सत्रह हजार रुपये की राशि निकाली जा चुकी थी। धोखाधड़ी का पता चलने पर उसने साइबर हेल्प लाइन 1930 पर इसकी सूचना दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पुलिस ने आमजन को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिला पुलिस द्वारा बुधवार से मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ अभियान की शुरूआत की है। यह अभियान आगामी 26 जून तक जारी रहेगा। प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस की विभिन्न टीमों द्वारा ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में आमजन को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया। उन्होंने आमजन को बताया कि किसी भी राष्ट्र का भविष्य और तरक्की युवाओं और भावी पीढ़ी पर टिकी होती है। युवा पीढ़ी अगर गलत रास्ते पर चल पड़े तो निश्चित तौर पर उनका भविष्य अंधकार में चला जाता है। यदि हम एक बेहतर समाज व समृद्ध देश बनाने का सपना देख रहे है, तो युवाओं और भावी पीढ़ी को नशे की लत से बचाना होगा। उन्होंने कहा कि नशा के अवैध धंधे में लिप्त आरोपियों के संबंध में नजदीकी पुलिस थाना या चौकी में उसकी जानकारी दें। पुलिस द्वारा सूचना देने वाले का नाम व पहचान गुप्त रखी जाएगी।



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पुलिसकर्मी एवं आमजन।

# दिल्ली के संग्रहालयों व अस्पताल में बम रखे होने की सूचना फर्जी निकली

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय संग्रहालय और रेल संग्रहालय समेत कई संग्रहालयों और दो मानसिक स्वास्थ्य संस्थानों - इहबास (मानव व्यवहार और संबद्ध विज्ञान संस्थान) और विमहन्स (विद्यासागर मानसिक स्वास्थ्य, तंत्रिका और संबद्ध विज्ञान संस्थान) को ईमेल भेजकर उनके परिसरों में बम रखे होने की सूचना दी गई। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि तलाशी लेने के बाद इन परिसरों से कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला और बम की सूचना को फर्जी करार दे दिया गया। उन्होंने बताया कि ये ई-मेल कर्तव्य पथ पर स्थित राष्ट्रीय संग्रहालय, चाणक्यपुरी में स्थित रेल संग्रहालय, दरियागंज में स्थित गांधी संग्रहालय तथा कई अन्य को प्राप्त हुए हैं, जिनमें कहा गया है कि उनके परिसर में बम रखा गया है। अधिकारियों ने बताया कि दो चिकित्सा संस्थानों - शाहदरा स्थित इहबास और लाजपत नगर स्थित विमहन्स अस्पताल को भी ई-मेल मिले और इनमें भी कहा गया था कि उनके परिसरों में बम रखे गए हैं।

### कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली

एक अधिकारी ने बताया कि इन ई-मेल की सूचना मिलने के बाद बम का पता लगाने वाले दस्ते, बम निरोधक दस्ते, अग्निशमन अधिकारियों और स्थानीय पुलिस ने प्रतिष्ठानों की जांच की, लेकिन किसी भी स्थान से कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई। इहबास के निदेशक डॉ. राजिंदर धमीजा ने कहा कि तलाशी के दौरान कोई अफरातफरी नहीं मची क्योंकि पुलिस ने बिना किसी रुकावट के अपना कर्तव्य निभाया। डॉ. धमीजा ने बताया कि अस्पताल को सुबह नौ बजकर 39 मिनट एक ईमेल प्राप्त हुआ, जिसके बाद उन्होंने तुरंत स्थानीय पुलिस को बम की धमकी के बारे में सूचित किया। पुलिस द्वारा व्यापक तलाशी ली गई, जिसमें अग्निशमन विभाग, बम का पता लगाने वाला दस्ता, बम निरोधक और स्थानीय पुलिस की टीमें शामिल थीं, जिसके बाद सूचना को एक फर्जी माना गया।

### परिसरों का किया निरीक्षण

पूरे अस्पताल परिसर का निरीक्षण करने के बाद पुलिस ने आश्वासन दिया कि चिंता का कोई कारण नहीं है। डॉ. धमीजा ने कहा कि इस पूरी अवधि के दौरान अस्पताल में कामकाज बिना रुके चलता रहा और किसी भी तरह की दहशत की स्थिति नहीं बनी और सब कुछ पूरी तरह नियंत्रण में रहा। पिछले एक महीने में राष्ट्रीय राजधानी के स्कूलों और अस्पतालों सहित कई प्रतिष्ठानों को उनके परिसरों में बम रखे होने की सूचना देने वाले ई-मेल प्राप्त हुए हैं। दिल्ली के चाचा नेहरू अस्पताल को 30 अप्रैल को बम रखे होने की सूचना मिली, जबकि एक मई को रूस स्थित एक 'मेलिंग सेवा कंपनी' की ओर से 150 से अधिक स्कूलों को बम रखे होने की जानकारी दी गई। बारह मई को साइप्रस स्थित एक मेलिंग सेवा कंपनी से ई-मेल के माध्यम से 20 अस्पतालों, आईजीआई हवाई अड्डे और दिल्ली स्थित उत्तर रेलवे के सीपीआरओ कार्यालय में बम रखे होने की सूचना दी गई। चौदहा मई को साइप्रस स्थित उसी मेलिंग सेवा कंपनी से दिल्ली के सात अस्पतालों और तिहाड़ जेल में बम होने की सूचना दी गई।

# नोएडा : लूट की फर्जी घटना को अंजाम देने के आरोप में तीन धरे

एजेंसी नोएडा

उत्तर प्रदेश के नोएडा में पुलिस ने 38.50 लाख रुपये की कथित लूट के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (जोन द्वितीय) सुनिति ने बताया कि मंगलवार रात थाना फेज- दो पुलिस को सूचना मिली की सेक्टर 136 के निकट दो बदमाशों ने बाइक सवार अशोक और सुनील पांडे की मोटरसाइकिल को रोककर उनसे पैसों से भरा बैग लूट लिया। बैग में करीब 38.50 लाख रुपये थे। अधिकारी के मुताबिक, अशोक और सुनील जिस व्यापारी के पास काम करते हैं, उन्हीं के पैसों को लूटने की योजना बनाई थी। इस योजना में आरोपियों के एक साथी ने भी योगदान दिया था।

## टोल व पीछा कर रही सीआईए टीम से बचने के लिए भिगान से लड़सौली पहुंचे थे लुटेरे

# बहादुरगढ़ से स्कार्पियो छीनकर भागे लुटेरे सीआईए टू ने लड़सौली में किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

लड़सौली गांव में दोपहर बाद उस समय सनसनी फैल गई जब गांव में पुलिस के साइरन बजती विभिन्न गाड़ियां व पुलिस के जवान गांव व खेत में लुटेरे के पीछे भागते नजर आए। इस दौरान ग्रामीणों ने आशंका जताई की कोई बड़ा मामला है। जिस तरह से गांव में सीआईए व पुलिस की अन्य टीम नजर आ रही है। गांव में जी टी रोड के फ्लाई ओवर के पास राजपुर गांव की तरफ जाने वाली सड़क व उसके साथ लगते खेतों की तरफ जाने वाले रास्ते पर पुलिस ही पुलिस नजर आई। गांव के पास जब लुटेरो को गाड़ी को रास्ता नहीं मिला तो अचानक काले रंग की स्कार्पियो गाड़ी से उतरकर दो युवक भागने लगे तो सोनीपत की सीआईए टू की टीम ने इंस्पेक्टर अजय धनखड़ के नेतृत्व में टीम ने उनका पीछा किया और उन्हें पकड़ लिया। लुटेरों के पकड़े जाने के बाद पुलिस से ग्रामीणों को पता चला कि बुधवार को करीब 11 बजे बहादुरगढ़ ओमेक्स सिटी से ब्लैक स्कोरपियो को लूट कर भागे थे। लड़सौली गांव में पीछा कर रही पुलिस टीम से बचने के लिए लुटेरों ने भागने का प्रयास किया तो उन्हें पुलिस ने पकड़ लिया।




गन्नौर। लुटेरो द्वारा छीनी पकड़ी गई काले रंग की स्कार्पियो।

### कन्ट्रोल रूम से सूचना मिलते ही सर्तक हुई सीआईए टू की टीम ने धर दबोचा

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दोपहर बाद सोनीपत में कन्ट्रोल रूम से सूचना मिली को बहादुरगढ़ की ओमेक्स सिटी से लूटी गई काले रंग की स्कार्पियो सोनीपत में प्रवेश करने के बाद मुरथल से जी टी रोड की तरफ जा रही है तो सीआईए टू की टीम प्रभारी अजय धनखड़ के नेतृत्व में तुरन्त कार्रवाई करते हुए लूटेरों को पकड़ने का अभियान चलाया तो लुटेरे मुरथल से गाड़ी लेकर गन्नौर की तरफ भागने लगे। पुलिस द्वारा पीछा करते देख लुटरें गाड़ी को लेकर भिगान गांव से होते हुए राजपुर गांव से होकर लड़सौली से जी टी रोड़ पर चढ़ने की फिराक में थे। लड़सौली गांव के पास आते ही जब तेज गति से गाड़ी चलाने का मौका नही मिला और सीआईए की टीम बिल्कुल नजदीक आ गई तो एक लुटेरा गांव के अन्दर गलियों में भाग और दूसरा गांव के खेतो में, सीआईटीम ने कार्रवाई करते हुए दोनो का धर दबोचा। इसी दौरान आसपास के पुलिस स्टेशन से भी पुलिस पहुंच गई।

### अभिषेक बरोणा की थी स्कार्पियो

मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए दोनो लुटेरों ने ओमेक्स सिटी में अभिषेक बरोणा से छीनी थी। अभिषेक उस समय अपने मकान पर जा रहा था। वह बहादुरगढ़ में रहकर अपना व्यवसाय कर रहा है। गाड़ी छीनने की सूचना उसने पुलिस को तुरन्त दे दी थी।

### बहालगढ़ व बढ़खालसा गांव के थे दोनों लुटेरे, बहादुरगढ़ पुलिस को गाड़ी सहित सौंपा : धनखड़

मामले को लेकर सीआईए 2 के प्रभारी इंस्पेक्टर अजय धनखड़ ने बताया कि कन्ट्रोल रूम से सूचना के बाद टीम ने कार्रवाई करते हुए लुटेरो का पीछा किया। टीम के साथ उन्हें लड़सौली गांव से गाड़ी सहित गिरफ्तार कर लिया है। गाड़ी लूटकर पकड़े गए आरोपित की पहचान बहालगढ़ गांव के रोहित व बढ़खालसा गांव के त्रिशतिक के रूप में हुई।

# चोरों ने दो लाख रुपये के छह बकरे चुराए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ पवजीराबाद में हुई यह चोरी सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई

उत्तर-पश्चिम दिल्ली के वजीराबाद में तीन लोगों ने छह बकरे चुरा लिये, जिसके बाद उनके मालिकों को दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है और उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि वे अगले हफ्ते बकरीद कैसे मनायेंगे। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को वजीराबाद में हुई यह चोरी सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई। ये बकरे दो व्यक्तियों के थे, जिन्होंने उन्हें अपने घरों के पास खाली जमीन पर बांध रखे थे। इस भूखंड के दरवाजे पर उन्होंने ताला लगा दिया था। सीसीटीवी में नजर आ रहा है कि चूंकि (चोरों की) यह 'आई20' कार संकरी गली के अंदर नहीं जा पायी तो ऐसे में मफलर से चेहरा ढ़के तीन लोग (चोर) पैदल ही भूखंड तक गये। सीसीटीवी में दिख रहा है कि उन्होंने 'गैसकटर' से ताला काट दिया और फिर एक-एक कर बकरों को वहां से ले गये। फिर वे बाहर खड़ी कार में उन्हें डालकर वहां से चले गये। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस को सोमवार को पूर्वाह्न 10 बजकर 25 मिनट पर चोरी के बारे में कॉल की गयी। उनके मुताबिक, पुलिस को बताया गया कि दो महीने पहले ही इन बकरों को अगले हफ्ते बकरीद पर कुर्बानी देने के लिए खरीदा गया था। चुराये गये चार बकरों के मालिक मोहम्मद राशिख ने कहा कि यह हमारी पवित्र रीति है कि हम बकरीद पर कुर्बानी देने से पहले कुछ दिनों तक उन्हें (बकरों को) अपने पास खिलाते हैं। इन छह बकरों की कीमत दो लाख रुपये से अधिक थी। राशिख अंशकालिक व्यापार करते हैं और वह अपनी पत्नी एवं तीन बच्चों के साथ एक मकान में रहते हैं। इसी मकान के बगल के भूखंड में इन बकरों को उन्होंने रखा था।

## पुलिस टीम पर फायरिंग करने वाला छह साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** एंटी व्हीकल थैफ्ट पुलिस ने गो-तस्करी करने और पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए जानलेवा हमला करने के मामले में 6 साल से फरार एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला नूंह के गांव पचगांव निवासी अमजद के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में पांच आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। 13 अगस्त 2018 की रात को सीआईए रेवाड़ी को सूचना मिली थी कि चोरी, लूट व गोकशी करने वाली मेवाती गैंग स्कार्पियों गाड़ी में तावडू से धारूहेड़ा होते हुए रेवाडी जाएंगे।

**सूचना**

मैं, कैलाश पुत्र श्री घमंडी लाल निवासी सेक्टर-28, फोरटेशिया, बराही रोड, लाइनपार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र मोहित मेरे कहने सुनने से बाहर है और मैं उससे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मोहित अपने प्रत्येक कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का उससे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

## खबर संक्षेप

### अधूरे आवेदनों को जल्द पूरा कराएं अभ्यर्थी

**झज्जर।** जिला कल्याण अधिकारी श्वेता शर्मा ने बताया कि डॉक्टर बी आर अंबेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना वर्ष 2023-24 के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किए गए थे। लेकिन जांच उपरांत 62 आवेदन अधूरे पाए गए हैं,जिसके लिए लाभार्थी जल्द दस्तावेज लगाकर पूरा कराएं, ताकि उन्हें योजना का लाभ प्रदान किया जा सके।

### जानलेवा हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव सिवाना में एक व्यक्ति पर किए गए जानलेवा हमले में कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी बेरी अमित कुमार ने बताया कि मनवीर निवासी दूबलधन की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में एएसआई संदीप कुमार की टीम ने एक आरोपी को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपी की पहचान शिव कुमार निवासी सिवाना जिला झज्जर के तौर पर की गई है।

### आवदेन करने की अंतिम तिथि 30 जुलाई

**बेरी।** एसडीएम रविंद्र मलिक ने बताया कि भगवान महावीर फाउंडेशन द्वारा 28वें महावीर अवार्ड के लिए चार क्षेत्रों क्रमशः अहिंसा और शाकाहार, शिक्षा, दवा व समुदाय और सामाजिक सेवा में आवेदन आमंत्रित किए हैं। जिसके लिए अंतिम तिथि 30 जुलाई निर्धारित की गई है। फाउंडेशन द्वारा चार क्षेत्रों क्रमशः अहिंसा और शाकाहार, शिक्षा, दवा व समुदाय और सामाजिक सेवा में पुरस्कार महावीर दिए जाने हैं।

### चोरी करने का आरोपी पकड़ा, सामान बरामद

**बेरी।** क्षेत्र के गांव चिमनी में मकान से चोरी करने मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी बेरी अमित कुमार ने बताया कि कृष्ण निवासी गांव चिमनी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में एएसआई प्रीतम कुमार की टीम ने एक आरोपी को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपी की पहचान रितिक निवासी गांव चिमनी के तौर पर की गई है।

### न्याय संघर्ष समिति सदस्य लघु सचिवालय पहुंचे

# नीट परीक्षा परिणाम में धांधली की आशंका को लेकर सौंपा ज्ञापन

नीट परीक्षा को दोबारा से करवाने और उस पर अच्छे से विचार मंथन करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। नीट परीक्षा में धांधली की आशंका के संबंध में ज्ञापन देने लघु सचिवालय पहुंचे न्याय संघर्ष समिति सदस्य।

नीट परीक्षा परिणाम में धांधली की आशंका को लेकर न्याय संघर्ष समिति सदस्य लघु सचिवालय पहुंचे। यहां उन्होंने नीट परीक्षा दोबारा कराए जाने व पूरी पारदर्शिता बरतने की मांग के संबंध में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। लघु सचिवालय परिसर में एकत्रित न्याय संघर्ष समिति के पदाधिकारी रमेश जाखड़ ने बताया कि बहादुरगढ़ के कई स्कूलों में परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जिसमें अभ्यार्थियों को दो प्रश्न पत्र कोड एमएनओपी तथा क्यूआर एसटी वितरित किए गए थे। उन्होंने बताया कि अधिकतर छात्रों द्वारा दोनों कोड के प्रश्न पत्र खोले गए बाद में परीक्षक द्वारा परीक्षार्थियों को एमएनओपी कोड के प्रश्न पत्र हल करने के लिए दिए गए। इस पूरी प्रक्रिया में उनका लगभग आधे घंटे का समय बर्बाद हो गया। इस समस्या के कारण परीक्षा के दौरान विद्यार्थी आंशकित एवं मानसिक तनाव में रहे। बच्चों को दूसरे कोड का प्रश्न पत्र दिए जाने के बाद उन्हें अतिरिक्त समय भी प्रदान नहीं किया गया। न्याय संघर्ष समिति सदस्यों ने एसडीएम रविंद्र यादव को ज्ञापन सौंपते हुए कार्रवाई की मांग की। इस दौरान न्याय संघर्ष समिति से जुड़ी अभिता द्विजा ने कहा कि नीट परीक्षा को दोबारा से करवाया जाए और उस पर अच्छे से विचार मंथन किया जाए। समिति सदस्यों ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि सरकार बच्चों के भविष्य के साथ किसी प्रकार का खिलवाड़ नहीं करेगी। यदि इस संबंध में सरकार द्वारा कोई उचित कदम नहीं उठाया गया तो समिति बडे.आंदोलन को मजबूर होगी। इस मौके पर सरोज दुजाना, जयपाल गुढ़ा, कैप्टन सतबीर, सूबेदार रमेश फौगाट, नरेश शर्मा, हेडमास्टर राजवीर, सुरेंद्र नागल, राजेश, राजेंद्र जून, बिजेंद्र कुमार, प्रवीण शर्मा, सतबीर तलाव, हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के खंड प्रधान इंद्रजीत, संजीत धनखड़, रिटायर्ड हेडमास्टर राजबीर राहड़ सहित अन्य भी मौजूद रहे।

# कंप्यूटर प्रोफेशनल्स ने दिया ज्ञापन

■ मांगें पूरी नहीं होने पर सरकार के प्रति रोष जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। एसडीएम को ज्ञापन देते कंप्यूटर प्रोफेशनल। फोटो : हरिभूमि

मांगें न पूरी होने से कंप्यूटर प्रोफेशनल्स में सरकार के प्रति रोष है। आगामी 23 जून को प्रदेशभर के कंप्यूटर ऑपरेटर कुरुक्षेत्र स्थित सीएम निवास पर ज्ञापन देकर रेगुलर करने सहित अन्य मांग उठाएंगे। इससे पहले बुधवार को एसडीएम परमजीत चहल को सीएम के नाम मांगों से संबंधित ज्ञापन दिया गया।

भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल संघ से जुड़े प्रोफेशनल्स का कहना है कि हम कई वर्षों से अपनी मांगों को लेकर संघर्षरत हैं लेकिन आज तक सरकार द्वारा किसी भी मांग को नहीं माना गया है। संगठन चाहता है कि डीआईटीएस के अधीन कर्मचारियों को हरियाणा सरकार रेगुलजेशन पॉलिसी बनाकर रेगुलर करें। जब तक हरियाणा सरकार पॉलिसी नहीं बनाती है, तब तक कम्प्यूटर प्रोफेशनल्ज को समान काम समान वेतन देते हुए 58 वर्ष की सेवा सुरक्षा प्रदान की जाए। मांगों के सिलसिले में 23 जून को प्रदेश भर के कंप्यूटर प्रोफेशनल कुरुक्षेत्र में इकट्ठा होकर सीएम निवास स्थान ज्ञापन सौपेंगे। फिर भी हरियाणा सरकार मांगों को नहीं मानती है तो धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में ही आर-पार की लड़ाई की घोषणा की जाएगी। ज्ञापन देने वालों में जिला प्रधान संदीप राठी, जितेंद्र कादयान, आरती, नीलम, भावना, अमित, प्रशांत, अक्षय, विकास, अशोक, नवीन, नरेश गुप्ता आदि शामिल रहे।

### सड़क हादसे में दो दोस्त घायल

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-9 मोड़ के पास एक गाड़ी और बाइक की टक्कर हो गई। दुर्घटना में बाइक सवार दो दोस्त घायल हो गए। घायलों की पहचान मंदीप व प्रदीप के रूप में हुई है। मंदीप के अनुसार, वह अपने दोस्त प्रदीप के साथ बाइक पर सवार होकर टिकरी बॉर्डर से अपने घर आ रहा था। जब सेक्टर-9 मोड़ पर रोड क्रॉस करने लगे तो इसी दौरान बहादुरगढ़ की ओर से आई एक वैगनआर कार हमारी बाइक से टकरा गई। टक्कर के बाद चालक अपनी गाड़ी छोड़ भागा।

## लोवा खुर्द में गली निर्माण शुरू करवाया



**बहादुरगढ़।** विधायक राजेंद्र सिंह जून ने बुधवार को गांव लोवा खुर्द में बाबा वाले तालाब की रिटेनिंग वॉल के कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। विधायक आदर्श विकास योजना के अंतर्गत होने वाले इस कार्य पर 14 लाख 98 हजार रुपए की धनराशि खर्च होगी। विधायक ने संबंधित ठेकेदार को निर्माण कार्य टेंडर के तय मानकों के अनुसार गुणवत्ता के साथ करने की हिदायत दी। सरपंच विनोद जून तथा ग्राम वासियों से कहा कि रिटेनिंग वॉल के निर्माण में कोई लापरवाही या कोताही नजर आने पर तुरंत शिकायत करें। इस अवसर पर जस्सी जून, जसबीर जून, सोनू, मोहित, संजय जून, प्रकाश, वेदपाल, संदीप, जयबीर मास्टर व राजबीर आदि मौजूद रहे।

# शहर के विकास कार्यों को मिलेगी गति

## करोड़ों की लागत से विकास कार्य करवाने पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

बुधवार को नप चेयरमैन जिले सिंह की अध्यक्षता में फाईनेंस अप्रूवल कमेटी की बैठक का हुई। जिसमें करीब 12 करोड़ की लागत से शहर में विकास कार्य करवाने को लेकर सहमति बनी। बैठक में गांव ऊंटलौधा स्थित बायो वेस्ट के निस्तारंण के लिए 476 लाख रुपये, स्ट्रीट लाईटों की मरम्मत के लिए 57.24 लाख रुपये, एमआरएफ सेंटर की लीज पेमेंट के लिए 1.44 लाख रुपये, अंबेडकर चौक से श्रीराम पार्क, अमित बेनीवाल चौक से छिकारा चौक, भगत सिंह चौक से दादरी रोड बाईपास, छिकारा चौक से धौड़ चौक और बेरी बाईपास, बेरी गेट से नए बस स्टैंड तक, छारा चुंगी से महादेव चौक, अग्रसेन चौक से बहादुरगढ़ रोड बाईपास पर नाला रिपेयरिंग के लिए 184.93 लाख, दिल्ली गेट से अजीत सिंह एग्रो वर्क्स बादली मार्ग, अजीत सिंह एग्रो वर्क्स से राव तुलाराम चौक, राव तुलाराम चौक से शहीद मेजर अमित देशवाल चौक, राव तुलाराम चौक से पंचनद चौक, कच्चा बाबरा रोड से यादव धर्मशाला, यादव धर्मशाला से रहणियां रोड व कोसली रोड-ग्वालिसन रोड, चौधरी छोटूराम गेट से बीकानेर चौक तक नाला मरम्मत के लिए 131.59 लाख रुपये और पूरे सरकुर्लर रोड पर नाला मरम्मत करवाने के लिए 126.10 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। नगर परिषद की वाईस चेयरमैन अंशुल प्रवीन गर्ग ने बताया कि फाईनेंस अप्रूवल कमेटी की बैठक में करीब 12 करोड़ की लागत से शहर में विकास कार्य करवाने को लेकर सहमति बनी है। जिसे अप्रूवल के लिए मुख्यालय में भेजा गया है। इससे शहर के विकास कार्यो को गति मिलेगी।

# केंद्र के बाद हरियाणा में भी बनेगी भाजपा सरकार

■ भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने उपरांत सांसद धर्मबीर सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ किया चुनाव और राजनीति पर विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। कार्यकर्ताओं के साथ विमर्श करते सांसद धर्मबीर सिंह।

सांसद धर्मबीर सिंह ने एक बार फिर प्रदेश में भी भाजपा की सरकार बनने का दावा किया है। उनके अनुसार सामान्यतः केंद्र में जिस पार्टी की सरकार होती है, हरियाणा में भी उसी सियासी दल की सरकार बनती है। वे बुधवार को एचएल सिटी में स्थित चैंपियंस एक्वेटिक एकेडमी में आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे थे।

सांसद धर्मबीर सिंह ने बाबा हरिदास के भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने के बाद कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव और राजनीति पर विमर्श किया। आगामी विधानसभा चुनाव पर हाल ही में आए लोकसभा चुनाव परिणाम के असर पर टिप्पणी करते हुए सांसद धर्मबीर ने कहा कि केंद्र में जिसकी सरकार होती है, हरियाणा में भी उसी की सरकार बनती है। उन्होंने दावा किया है कि अब देशभर में विकास की रफ्तार बढ़ने वाली है। उनके अनुसार देश में भले ही गठबंधन की सरकार है, लेकिन इस सरकार में समान विचारधारा के दल साथ मिले हैं। एनडीए सरकार पहले से भी ज्यादा विकास करेगी।

उन्होंने जम्मू कश्मीर और पंजाब के नतीजों पर चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि अमृतपाल और इंजीनियर रशीद का चुनाव जीतना चिंता का विषय है। यह देश के लिए ठीक नहीं है। सांसद धर्मबीर सिंह ने भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के विकास को लेकर प्रतिबद्धता जाहिर की। इस मौके पर भारतीय तैराकी संघ के उपप्रधान अनिल खत्री भी मौजूद रहे।

## दो युवतियों सहित पांच लोग लापता

**बहादुरगढ़।** इलाके में अलग-अलग स्थानों से दो युवतियों सहित पांच लोग लापता हो गए हैं। लाइनपार थाना क्षेत्र के एक गांव के निवासी एक व्यक्ति का कहना है कि उसकी बहन अपनी चाची के साथ डेंटल क्लीनिक पर गई थी। लेकिन वहां से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। वहीं, लाइनपार के निवासी एक व्यक्ति का कहना है कि उसकी बेटी 10 जून को ओमेक्स में काम करने गई थी लेकिन वापस नहीं आई। दोनों सूचनाओं पर सेक्टर-6 थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज हुई हैं। वहीं बादली थाना क्षेत्र के गांव के निवासी अशोक का कहना है कि उसका 21 वर्षीय बेटा 9 जून की सुबह कहीं बाहर गया था लेकिन वापस नहीं आया। कॉल की तो पहले रिसीव नहीं हुई फिर बाद में मोबाइल बंद आया। लाइनपार के निवासी संत कुमार का कहना है कि उसका बेटा अवतार ऑटो चलाता है। गत 9 जून को ऑटो लेकर घर से निकला था लेकिन वापस नहीं आया है। इसी तरह सेक्टर-9 के निवासी पवन का कहना है कि उसके पिता करीब 60 वर्षीय महेंद्र राम दस जून की शाम को घर से बाहर निकले थे। अब तक उन्हें ढूंढ़ चुके हैं लेकिन कहीं नहीं मिले। सिटी पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## आसौदा में मंदिर निर्माण के लिए एक लाख दिए



बहादुरगढ़। आसौदा में ग्रामीणों के साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश जून। फोटो : हरिभूमि

**बहादुरगढ़।** छठ के पावन अवसर पर दादा जम्मन वाले जोहड़ पर समस्त आसोदा ग्राम वासियों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश जून ने भी शिरकत की। उन्होंने दादा जम्मन वाले के मंदिर निर्माण के लिए एक लाख एक हजार रुपए का सहयोग करते हुए नींव कार्य का शुभारंभ किया। बुधवार सुबह हवन के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें राजेश जून ने गांव वासियों के साथ प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर की नींव रखते हुए राजेश जून ने कहा कि भारतीय संस्कृति में ज्येष्ठ मास में किए गए धर्म पुण्य और भंडारे का बड़ा महत्व है। उन्होंने दादा जम्मन वाले को नमन करते मंदिर निर्माण के लिए एक लाख एक हजार रुपए का योगदान दिया।

## सेक्टर-6 में लगवाया हैंड पंप



**बहादुरगढ़।** सेक्टर-6 की महिलाओं ने गर्मी में जलापूर्ति की किल्लत से राहत दिलवाने के लिए गेट नंबर-4 के निकट पटेल नगर में हैंड पंप लगवाया है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ पंकज जैन की पत्नी पूजा जैन के साथ ही सीमा, विद्या जिंदल, सुनीता बंसल व सुनीता जैन ने हैंड पंप लगवाने में सहयोग किया है। उन्होंने कहा कि प्यासों के लिए जल उपलब्ध करवाना एक पुण्य का कार्य है। गर्मी के मौसम में पेयजल आपूर्ति में कई बार समस्या आ जाती है और लोगों को पीने के पानी के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। यह हैंडपंप लगने के बाद आसपास के क्षेत्र में रहने वाले लोगों को फ्री पानी भरने की सुविधा उपलब्ध होगी।

## भूपेंद्र ने किया जिम का उद्घाटन



बहादुरगढ़। जिम के उद्घाटन से पहले हवन में आहूति डालते भूपेंद्र राठी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

**बहादुरगढ़।** इनेलो नेता एवं पार्षद प्रतिनिधि भूपेंद्र राठी ने शहर के नजफगढ़ रोड पर एक जिम का रिबन काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर हुए हवन में भूपेंद्र राठी के साथ नीरज राठी, राहुल मित्तल, अंकित डागर, हरिओम प्रधान, रामनिवास सैनी, पार्षद मोहित राठी, मदरूप राठी, एडवोकेट विपिन प्रधान, रोहित राठी, वीरू, राजू प्रजापति व आयुष गुप्ता आदि ने आहूति डाली। भूपेंद्र ने कहा कि आज के दौर में युवा अपने स्वास्थ्य को लेकर काफी जागरूक हैं। उन्होंने युवाओं से नशे की बजाए अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देने का आह्वान किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

### हजारों भक्तों ने पवित्र सरोवर में स्नान कर शीश नवाया और मन्नतें मांगी

# झाड़ोदा में बाबा हरिदास के मेले में उमड़े हजारों श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। मंदिर में ज्योत लगाती महिला श्रद्धालुओं की भीड़।



शहर से सटे झाड़ोदा कलां गांव में बाबा हरिदास मठ में आयोजित मासिक मेले के दौरान बुधवार को छठ पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। यहां हजारों भक्तों ने पवित्र सरोवर में स्नान कर शीश नवाया और मन्नतें मांगी। बाबा हरिदास सेवा मंडल के सदस्यों के अनुसार यहां सच्चे मन से जो भी मुराद मांगी जाती है, वह पूरी होती है।

बता दें कि गांव झाड़ौदा में बाबा हरिदास का विशाल मेला साल में दो बार चैत्र व अश्विन शुक्ल की छठ के अलावा मासिक मेला प्रत्येक माह की छठ को लगता है। यहां देश के कई हिस्सों से लोग पूजा-अर्चना करने आते हैं। बुधवार को हजारों लोगों ने यहां पहुंच कर बाबा का आशीर्वाद लिया।

मेले के दौरान बच्चों, युवाओं, वृद्धों व महिलाओं ने नियमपूर्वक पवित्र मल्लाह (तालाब) में स्नान किया। बच्चे और महिलाएं खरीदारी करती नजर आई तो अनेक श्रद्धालु पैदल ही लंबा सफर करके यहां पहुंचे थे।

उनकी समाधि स्थित मंदिर व मल्लाह पर संत हरिदास सेवा मंडल के नेतृत्व में दोनों जगह बेहतरीन इंतजाम किए थे। यहां आयोजित भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद छका। मंडल सदस्यों ने बताया कि यहां दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश समेत दूर-दूर से लोग आकर मन्नत मांगते हैं।

## चोरी की बाइक सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा मोटरसाईकिल चोरी करने मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी दीपक मेहलावत ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए झज्जर-बादली मार्ग पर नहर के नजदीक नाकाबंदी की गई। इस दौरान एक बिना नंबर की मोटरसाईकिल को रूकवाया गया और मोटरसाईकिल सवार युवकों से पूछताछ की गई। प्राथमिक पूछताछ में उन्होंने बताया कि यह मोटरसाईकिल सोनीपत से चुराई है और इस संबंध में सोनीपत थाना में मामला भी दर्ज है। आरोपितों की पहचान कृष्ण व सचिन निवासी खेडीजट्ट के तौर पर की गई है। आरोपियों को स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से अदालत के आदेशानुसार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।